दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-12, अंक-61 शुक्रवार 03 मार्च, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes



## संक्षिप्त समाचार

### गांव चंदावली में निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

बल्लबगढ़, 02 मार्च, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। वीरवार को अग्रवाल कॉलेज के आउटरीच प्रोग्राम के तहत प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत




गाव चंदावाली मे सडक सुरक्षा मार्च निकालते अग्रवाल कालेज के छात्र।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

गुप्ता के दिशा निर्देशन में अंग्रेजी विभाग व यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के संयुक्त तत्वाधान में गोद लिए गांव चंदावली में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय चंदावली की छात्राएं व अग्रवाल कॉलेज के वॉलंटियर्स ने भाग लिया। रैली स्कूल से होते हुए बाजार तक निकली गई।

रैली के उपरांत यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम कॉर्डिनेटर सुभाष कैलोरिया ने विद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में अवगत कराया गया व नियमों पालन करने की शपथ भी दिलाई। अग्रवाल कॉलेज समय समय पर इस तरह की गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका श्रीमती वीरबाला सहित विद्यालय के अन्य अध्यापक सदस्य भी मौजूद रहे।